(b) if so, the reason for this extraordinary step?

THE MINISTER OF STATE (DEFENCE PRODUCTION) IN THE MINISTRY OF DEFENCE (SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA): (a) and (b). Yes, Sir. Production in the Ordnance Factories in West Bengal has shown an upward trend in the period April to October, 1971, compared to the corresponding period last year. The reasons for the upward trend are mainly attributable to clearing of major bottlenecks in materials like alloy steels, and high speed steels, tooling, etc.

However, better production could have been acheived but for certain acts of continuous indiscipline and go slow tactics resorted to by some workers.

## पश्चिमी सीमा से सम्बन्धित महत्वपूर्ण दस्तावेजों का गायब हो जाना

883. डा० संकटा प्रसाद : क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि हमारी पश्चिमी सीमा से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज गायब हैं ; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार उनका पता लगाने में सफल हुई है ?

रक्षा मंत्री (श्री जगजीवन राम) : (क) जी हां ।

(ख) खोये हुए दस्तावेजों में से कुछ बरामद कर लिए गए हैं।

## बाढ़ पीड़ितों के लिए उत्तर प्रदेश को वित्तीय सहायता

884. डा० संकटा प्रसाद : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार उत्तर प्रदेश के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों के लिए सहायता दे रही है ;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों में कितनी सहायता दी गयी ;

(ग) क्या उत्तर प्रदेश राज्य सरकार ने केन्द्रीय सरकार से बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का निरीक्षण करने के लिए दूसरा निरीक्षण दल भेजने का अनुरोध किया है ;

(घ) क्या ऐसा दल भेजा गया है और यदि हां, तो दल की रिपोर्ट क्या है ; और

(ङ) उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० आर० गणेश) : (क) और (ख) . उत्तर प्रदेश सरकार को उनके द्वारा बाढ़ सहायता कार्यों पर किये गये व्यय के लिए 1969-70 से दी गयी केन्द्रीय सहायता का ब्यौरा इस प्रकार है :

| | (करोड़ रुपयों में ) |
|---|---|
| 1969-70 | 1.90 (सूखा राहत कार्यों सहित) |
| 1970-71 | 4.50 |
| 1971-72 (अब तक) | 3.00 |

इसके अतिरिक्त, चालू वर्ष में राज्य सरकार को कृषि में काम आने वाली आवश्यक वस्तुओं, जैसे बीज और उर्वरकों के लिए 15 करोड़ रुपये के अल्पावधिक ऋण दिये गये हैं। राज्य सरकार को और अधिक राशि केन्द्रीय दल की सिफारिश के अनुसार निर्धारित अधिकतम सीमा के